दिनांकः 15.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज झारखण्ड में टाटानगर–पटना वंदेभारत ट्रेन सहित छह वंदे भारत रेलगाड़ियों को करेंगे रवाना–प्रधानमंत्री आज से झारखण्ड, गुजरात और ओडिशा की यात्रा पर।
- राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली उच्च अधिकारियों की बैठक–कहा–समन्वय के साथ समिट को सफल बनाएं।
- दूरदर्शन आज मना रहा है स्थापना की 65वीं वर्षगांठ–विशेष कार्यक्रम का किया जाएगा प्रसारण।
- प्रदेश में बारिश का मौजूदा दौर थमने से राहत–18 सितम्बर से बारिश की गतिविधियां फिर शुरू होने के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज झारखण्ड में टाटानगर–पटना वंदेभारत ट्रेन सहित छह वंदे भारत रेलगाड़ियों को रवाना करेंगे। श्री मोदी छह सौ साठ करोड़ रूपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और लोकार्पण करेंगे। वे टाटानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के बीस हजार लाभार्थियों को स्वीकृति–पत्र भी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री आज से झारखण्ड, गुजरात और ओडिशा की तीन दिन की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री कल गुजरात के गांधीनगर में ''पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना'' के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। वे गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश सम्मेलन और एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे और सेक्शन वन मेट्रो स्टेशन से गिफ्ट सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो सवारी करेंगे। प्रधानमंत्री मंगलवार को ओडिशा जाएंगे, जहां वे ''प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी'' के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। श्री मोदी भुवनेश्वर में तीन हजार आठ सौ करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों के हितों के लिए काम कर रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान देश की खाद्य सुरक्षा के लिए दिन–रात जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्याज का निर्यात शुल्क कम करने से और खाद्य तेलों का आयात शुल्क बढाने जैसे सरकार के निर्णयों से किसानों को लाभ होगा। श्री मोदी ने कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में दिसम्बर महीने में होने वाले राइजिंग राजस्थान इन्वेटमेंट समिट के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से टीम भावना के साथ काम कर समिट को सफल बनाने को

कहा। उन्होंने अधिकारियों से समिट के सफल आयोजन के लिए तय समय में सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में आयोजित होने वाले आगामी डोमेस्टिक इन्वेस्टर्स मीट के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के दिशा–निर्देश दिए। श्री शर्मा ने विभिन्न देशों और देश के विभिन्न राज्यों में निवेशकों के साथ समन्वय करने वाले अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की ओर से निवेशकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों को होना बेहद जरूरी है। उन्होंने राजस्थान फाउन्डेशन के तहत प्रवासी राजस्थानियों को भी प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश को और बढ़ाने और उद्यमों को नई ऊंचाई देने के लिए आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन से पहले विभिन्न जिलों में निवेश बैठक रखी जाएंगी। इस संबंध में उद्यमियों को आमंत्रित करने और आयोजन के प्रचार–प्रसार के लिए इन दिनों देश–दुनिया में प्री इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित किये जा रहे हैं।

000

प्रदेश में आगामी मंगलवार से ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान की शुरूआत होगी। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान शहरी क्षेत्रों में विशेष साफ–सफाई की जाएगी। इस दौरान 'वेस्ट टू आर्ट' उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और लोगों को जागरुक किया जाएगा। राज्य सरकार अभियान की मॉनिटरिंग के लिए पांच सदस्यीय कमेटी ` गठित करेगी। अभियान के तहत शहरी इलाकों में फूड स्ट्रीट वाले स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

राज्य में 17 सितम्बर को राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव भी मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रोजगार उत्सव से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ा जाए और आयोजन में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। रोजगार उत्सव का आयोजन जिला स्तर पर भी किया जाएगा।

000

दूरदर्शन आज अपनी स्थापना की 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत 1959 में आज ही के दिन दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था। अपने विशाल नेटवर्क के बूते दूरदर्शन आज भारत का सबसे बडा प्रसारक है जिसकी पहुंच ग्रामीण दर्शकों तक है। दूरदर्शन के छह राष्ट्रीय और 22 क्षेत्रीय चैनलों से चौबीसो घंटे प्रसारण होता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि वर्षगांठ को मनाने के लिए, डीडी नेशनल एक विशेष कार्यक्रम – दिल से दूरदर्शन, डीडी/65 प्रसारित करेगा। यह कार्यक्रम आज सुबह 10 बजे प्रसारित किया जाएगा।

000

आज अभियंता दिवस है। यह दिवस महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में सर एम. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार और चुनौतियों से निपटने में अभियंताओं का योगदान सराहनीय रहा है। श्री मोदी ने अभियंता दिवस पर एक वीडियो भी साझा किया है।

000

प्रदेश में बारिश का मौजूदा दौर फिलहाल थम गया है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क रहा। इस दौरान धौलपुर, भीलवाड़ा,

माउंट आबू और प्रतापगढ़ में कुछ जगहों पर हल्की बरसात हुई। शेष प्रदेश में धूप खिली रहने से लोगों को राहत मिली है। जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी उतरने से स्थिति में सुधार आया है। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि वहां पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं।

-----------

धौलपुर में भी बारिश थमने से लोगों ने राहत की सांस ली। हमारे संवाददाता ने बताय कि आज वहां धूप खिली हुई है।

----------

इस बीच, मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि नए तंत्र के बनने से 18 सितम्बर के बाद पूर्वी हिस्सों में एक बार फिर बारिश की गतिविधियां शुरू हो सकती हैं। विभाग के अनुसार मॉनसून की विदाई इस महीने के आखिर में या अक्टूबर के पहले सप्ताह में संभव है।

000